Publication : The Economic Times (Hindi)	Edition : New Delhi
Date : April 01, 2019	Page: 4

विजया बैंक, देना बैंक का आज होगा BoB में विलय

नई दिल्ली: बैंक ऑफ बड़ौदा में दो सरकारी बैंकों, विजया बैंक और देना बैंक का विलय एक अप्रैल से प्रभावी हो जाएगा। दोनों बैंकों का विलय करने के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा देश का तीसरा सबसे बड़ा बैंक बन जाएगा। विजया बैंक और देना बैंक की सभी शाखाएं सोमवार से बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखाओं के तौर पर काम करने लगेंगी। रिजर्व बैंक ने शनिवार को एक बयान में कहा, 'विजया बैंक और देना बैंक के ग्राहकों को एक अप्रैल से बैंक ऑफ बड़ौदा का ग्राहक माना जाएगा।'